# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 13.01.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

दिनांक 13.01.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

1– श्री अन्ना सुदन, मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
2– प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी।
3– श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।
5– समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
6– श्री एस0एन0 यादव, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बाराबंकी।
7– श्री अर्जुन सिंह गंगवार, डी0पी0एम0, टीपीआई एजेन्सी, बाराबंकी।
8– स्थानीय प्रतिनिधि, समस्त अनुबन्धित फर्म।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 5 अनुबन्धित फर्मों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें 1581 नग राजस्व ग्राम चयनित हैं। जनपद में 849 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किया जाना है।

<u>मै0 पी0एन0सी0</u>– फर्म द्वारा कुल 356 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 357 नग नलकूप, 3858 किमी0 वितरण प्रणाली, 357 नग शिरोपरि जलाशय, 316 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 172755 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 356 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 357 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3603 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 357 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 284 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 145057 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 493 नग राजस्व ग्रामों में कमीन्शड करते हुए 382 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 9.86 किमी0 रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है एवं पुर्नस्थापित की गयी रोड में से 4.96 किमी0 रोड बैठ गयी है, जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिन योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी है, से एक माह में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करने एवं शेष योजनाओं को जनवरी, 2026 तक कमीशन्ड करने, रोड रेस्टोरेशन के कार्य को एक माह में पूर्ण करने, प्रतिदिन न्यूनतम 1000 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन, शिरोपरि जलाशय में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

<u>मै0 मेघा इंजीनियरिंग</u>– फर्म द्वारा कुल 328 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 342 नग नलकूप, 3816 किमी0 वितरण प्रणाली, 328 नग शिरोपरि जलाशय, 337 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 163378 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 328 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 342 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3322 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 312 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 268 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 114760 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 366 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 202 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 23.29 किमी0 रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है एवं पुर्नस्थापित की गयी रोड में से 29.18 किमी0 रोड बैठ गयी है, जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिन योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी है, से एक माह में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करने एवं शेष योजनाओं को जनवरी, 2026 तक कमीशन्ड करने, रोड रेस्टोरेशन के कार्य को एक माह में पूर्ण करने, प्रतिदिन न्यूनतम 1000 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन, शिरोपरि जलाशय में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

<u>मै0 वी0एस0ए0</u> – फर्म द्वारा कुल 83 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 84 नग नलकूप, 1434 किमी0 वितरण प्रणाली, 84 नग शिरोपरि जलाशय, 72 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 50078 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 83 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 84 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 1384 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 84 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 71 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 44382 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 155 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 75 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 0.90 किमी0 रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है एवं पुर्नस्थापित की गयी रोड में से 0.80 किमी0 रोड बैठ गयी है, जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनवरी, 2026 तक प्रत्येक योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

मै0 वी0टी0एल0 – फर्म द्वारा कुल 44 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 58 नग नलकूप, 803 किमी0 वितरण प्रणाली, 46 नग शिरोपरि जलाशय, 58 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 34529 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 44 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 57 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 798 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 46 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 47 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 26209 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 31 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 26 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 4.66 किमी0 रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है एवं पुर्नस्थापित की गयी रोड में से 0.21 किमी0 रोड बैठ गयी है, जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिन योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी है, से एक माह में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करने एवं शेष योजनाओं को जनवरी, 2026 तक कमीशन्ड करने, रोड रेस्टोरेशन के कार्य को एक माह में पूर्ण करने, प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन, शिरोपरि जलाशय में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी) – फर्म द्वारा कुल 38 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 50 नग नलकूप, 425 किमी0 वितरण प्रणाली, 39 नग शिरोपरि जलाशय, 50 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 20971 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 38 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 50 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 423 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 39 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 47 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 20594 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 61 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 44 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 0.76 किमी0 रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है एवं पुर्नस्थापित की गयी रोड में से 0.97 किमी0 रोड बैठ गयी है, जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिन योजनाओं को जलापूर्ति हेतु कमीशन्ड किया गया है, उन योजनाओं में सम्मिलित राजस्व ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति किये जाने एवं सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को प्रतिदिन अपने कार्यस्थल पर भ्रमण किये जाने के निर्देश गये है। शेष योजनाओं को शीघ्र कमीशन्ड करने, रोड रेस्टोरेशन के कार्य को एक माह में पूर्ण करने, सोलर अधिष्ठापन, शिरोपरि जलाशय में वांछित प्रगति लाने, घर के बाहर कराये गये हाउस कनेक्शनों को घर के अन्दर कराये जाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जो परियोजनायें शत प्रतिशत पूर्ण हो गयी हैं, उन योजनाओं पर भुगतान हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है एवं O&M में ले जाने हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा निरन्तर दिशा दिये जा रहे हैं। वर्तमान में सम्बन्धित फर्म की योजनायें, जो O&M में जा चुकी है, का विवरण निम्नवत है

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | O&M में जा चुकी योजनाओं की संख्या | जिलाधिकारी महोदय द्वारा माह जनवरी, 2026 तक O&M में ले जाने हेतु निर्धारित किया गया लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | PNC_SPML | 26 | 15 |
| 2 | Megha | 5 | 10 |
| 3 | VSA-SCL | 2 | 5 |
| 4 | VTL | 3 | 4 |
| 5 | Gayatri-Remaki | 3 | 5 |

जनपद में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल एवं जेजेएम यू0पी0 पोर्टल पर अत्यधिक मात्रा में कनेक्शन एवं जलापूर्ति सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वर्तमान में उक्त पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का विवरण निम्नवत है –

| S.N. | Name of Agency | JJM Complaints | | | IGRS Pending | Total Complaints Pending |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Received | Resolved | Pending | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | PNC_SPML | 585 | 406 | 179 | 67 | 246 |
| 2 | Megha | 640 | 264 | 373 | 98 | 471 |
| 3 | VSA-SCL | 89 | 41 | 48 | 22 | 70 |
| 4 | VTL | 56 | 28 | 28 | 19 | 47 |
| 5 | Gayatri-Remaki | 48 | 29 | 19 | 12 | 31 |
| Total | | 1418 | 771 | 647 | 218 | 865 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त शिकायतों को 15 दिवस के अन्दर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जल सेवा आंकलन किये जाने हेतु 192 नग ग्राम पंचायतों का लक्ष्य दिया गया है, जिसे दिनांक 26.01.2026 तक पूर्ण किया जाना है। जल सेवा आंकलन में जनपद / तहसील / ब्लाक स्तर पर सम्बन्धित सचिव को परीक्षण दिये जाने के साथ–साथ जल निगम के कर्मचारी द्वारा

Scanned with OKEN Scanner

वांछित सहयोग प्रदान करते हुए जल सेवा आंकलन के कार्य को पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को उक्त कार्य ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

(शशांक त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

## कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी

पत्रांक 424 / कार्य-26 / 03 दिनांक 27-1-2026

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2- मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
3- जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।
4- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
5- समस्त अनुबन्धित कार्यदायी फर्म।

Digitally signed by
SHASHANK TRIPATHI
Date: 25-01-2026
18:34:46

जिलाधिकारी
बाराबंकी

Scanned with OKEN Scanner